रजिस्ट्री सं. डी एल.—33001/96 REGISTERED No. D L—33001/96

LIBRARY

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 28, 1996 (पौष 7, 1918)
No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 28, 1996 (PAUSA 7, 1918)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Satutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक, बम्बई

Discrepancies observed in the list of lost etc. IFC Bonds for the half year ended 30-6-1996 Published in the Gazette dated 17-8-1996

Sr. No.	Page No.	Nomenclature of Loan	Nature of discrepancy/cies
1	2	3	4
1.	3720	11 प्रतिशत औद्योगिक वित्त निगम बांड 2003 (49 वी श्रृंखला)	(a) In column 5, Comman (,) is not printed between वेंकटरमणी राम and कौशिक गुलशन मनी
2.	3720	11.5 प्रतिशत औद्योगिक वित्त निगम बांड 2009 (52 वी श्रृंखला)	(a) In Column 6 के० का सामरी में सं० 768 is printed as क० का० सामरी सं० 768
3.	3720	———	(a) के० एम० गांगुडे is printed as के० एम० गांगुड

Chief General Manager

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
(भारत सरकार का उपक्रम प्रधान कार्यालय)
पुणे-411 005, दिनांक

क्र० एएचस 1/कार्मिक/डीएम/ /961.—बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 12 के उप-निनियम 2 के साथ पठित धारा 19 द्वारा-प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से, बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम, 1976 में संशोधन हेतु, एतद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :

1. ये विनियम बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) (संशोधन) विनियम, 1996 कहलाएंगे।

2. ये सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशन के दिनांक से लागू होंगे।

2. बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम, 1976 (जिसे आगे मूल विनियम कहा जाएगा) के विनियम-4 में "हल्के दंड" शीर्षक के अंतर्गत खंड (घ) के पश्चात, निम्नलिखित खंड सम्मिविष्ट किया जाए, अर्थात :

क. "(च) बिना किसी संचयी प्रभाव के और पेंशन पर प्रतिकूल प्रभाव न डालते हुए 3 वर्ष से अनधिक की अवधि हेतु वेतन के समय-मान में निचले स्तर पर कटौती।"

ख. "भारी दंड" शीर्षक के अंतर्गत खंड (च), (छ), (ज) और (झ), को (ज) (झ), (ट) और (ठ) के रूप में पुनर्क्रमांकित किया जाए।

ग. पुनर्क्रमांकित खंड (झ) के समक्ष निम्नलिखित को सम्मिविष्ट किया जाए, अर्थात: (छ) "उक्त (च) में प्रावधान होते हुए भी विनिर्दिष्ट अवधि हेतु समय-मान में निचले स्तर पर कटौती सहित अन्य आदेश यथा-क्या अधिकारी ऐसी कटौती की अवधि के दौरान वेतनवृद्धि अर्जित करेगा या नहीं और क्या ऐसी अवधि की समाप्ति पर कटौती उसकी भावी वेतनवृद्धियों के आस्थगन को प्रभावित करेगी या नहीं।"

घ. पुनर्क्रमांकित खंड (ख) निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात

च. "निचली श्रेणी या पद में अवनति।"

3. मूल विनियम के विनियम 6 के "उप-विनियम (1)" में शब्दों, कोष्ठकों और अंकों "विनियम 4 के खंड (च), (छ), (ज) और (झ) "हेतु शब्दों, कोष्टकों और अंकों" विनियम 4 के खंड (छ), (ज), (झ), (ट) और (ठ)" को प्रतिस्थापित जाए।

4. मूल विनियम के विनियम 8 के उप विनियम (1) में शब्दों, कोष्ठकों और अंकों "विनियम 4 के खंड (क) से (घ) "हेतु शब्दों, कोष्ठकों और अंकों "विनियम 4 के खंड (क) से (च)" प्रतिस्थापित किया जाए।

5. मूल विनियम के विनियम 17 के उप विनियम (ii) के पहले प्रावधान में शब्दों, कोष्ठकों और अंकों" विनियम 4 के खंड (च), (छ), (ज) और (झ)" हेतु शब्दों, कोष्ठकों और अंकों "विनियम 4 के खंड (छ), (ज), (झ), (ट) या (ठ)" प्रतिस्थापित किया जाए।

6. मूल विनियम के विनियम 18 के पहले प्रावधान में शब्दों, कोष्ठकों और अंकों "विनियम 4 के खंड (च), (छ), (ज) या (झ)" हेतु शब्दों, कोष्ठकों और अंकों "विनियम 4 के (छ), (ज), (झ) (ट) या (ठ)" प्रतिस्थापित किया जाए।

नोट—बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम, 1976 के पूर्व संशोधन भारत के राजपत्र की धारा 4, भाग III में प्रकाशित हुए थे, जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है—

क्र० सं०	अधिसूचना क्रमांक	दिनांक
42	एएमएस 1/एसटी/सेए/10065/94	15-10-1994

श्री० सु० सी० चितले,
उपमहाप्रबंधक, कार्मिक

केनरा बैंक

(कार्मिक प्रबंधन अनुभाग)

प्रधान कार्यालय

बैंगलूर-2, दिनांक 27 नवम्बर, 1996

सं० बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केनरा बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श और केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी के साथ, एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, नामत :

I. संक्षिप्त नाम और आरम्भ :

1. ये विनियम केनरा बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधित) विनियम, 1996 कहलायेंगे।

2. ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवर्तन में आयेंगे।

II. केनरा बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के विनियम 19 के उप-विनियम (1) के प्रथम परंतुक को निम्नलिखित रूप से बदला जाता है, नामत :

"बशर्ते कि बैंक अपने विवेक से उप विनियम (2) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार विशेष समिति/समितियों द्वारा समीक्षा के बाद अगर यह माना जाता है कि जनहित में किसी अधिकारी कर्मचारी को 55 वर्ष की आयु पूरी करने पर या उसके बाद कभी भी अथवा अधिकारी कर्मचारी के रूप में या अन्यथा तीस वर्षों की सेवा पूरी करने पर या उसके बाद कभी भी, इनमें से जो भी पहले हो, सेवानिवृत्ति कर सकता है।"

एम० वी० कामत,
महा प्रबन्धक

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

मद्रास-600 034, दिनांक 5 दिसम्बर, 1996

सं० 3-एस० सी० ए० (4)/8/95-96—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा (1) (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से श्री जी० एस० गुन्डु राव, 548 चिकपेट, बंगलोर 560053 का नाम उनकी अपनी प्रार्थना पर 31-3-1996 से हटा दिया है।

उनकी सदस्यता संख्या 796 है।

के० आर० ए० एन० अय्यर,
सचिव (वर्तमान कार्यभार)

सं० 3-एस० सी० ए० (4)/2/96-97—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा (1) (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम उनके आगे दी गई तिथियों से हटा दिया है।

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	1031	श्री [illegible] वासुदेव, 6, [illegible] रोड, [illegible], मद्रास-600 018	18-9-96
2.	2409	श्री [illegible] एन वी, 1366-5, [illegible] "ई" ब्लॉक, 2, स्टेज राजाजीनगर, बंगलोर-560 010	15-9-96
3.	3760	श्री [illegible] कृष्णन, [illegible] भवन, ए-5, [illegible] कालोनी, [illegible], पोलाची-642 002	16-3-96
4.	5438	श्री [illegible] डी० ए०, प्लाट नं० 5, [illegible], मदुराई-625 014	8-4-96
5.	6042	श्री [illegible] एस० 1832, [illegible], पुदुकोट्टई-622 001	3-10-95
6.	3547	श्री [illegible], [illegible], [illegible]-682 310	16-4-96
7.	7721	श्री [illegible], डायरेक्टर/[illegible], [illegible] (प्रा) लि०, पी० बी० संख्या 545, [illegible], कोचीन-682 003	28-2-96
8.	18089	श्री [illegible] एम०, [illegible], [illegible] रोड, [illegible]-691 001	30-7-96
9.	20495	श्री [illegible] एम०, नं० 6, [illegible] स्ट्रीट, टी नगर, मद्रास-600 017	17-6-96
10.	21751	श्री [illegible] राव एम० [illegible] स्ट्रीट, [illegible], विजयवाड़ा-520 011	8-6-96
11.	29580	श्री [illegible] डी० पी० 12-2-416/57, [illegible] कालोनी, हैदराबाद-500 028	30-1-96
12.	82580	श्री [illegible] एम० 7, [illegible], 42, [illegible] रोड, मद्रास-600 008	16-7-96
13.	201065	श्री सुधीर एम०, एसिस्टेंट मैनेजर-फाईनेन्स, टाटा टी लि०, पोस्ट बॉक्स नं० 9, मुन्नार-685 612	26-3-96
14.	202076	श्री [illegible] के०, ब्लॉक बी 1 फ्लोर, पी० पी० [illegible], न्यू [illegible] रोड, आर०एम०वी० 2 स्टेज, बंगलोर-560 054	14-12-95

के० आर० ए० एम० अय्यर,
सचिव (वर्तमान कार्यभार)

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

दिनांक 6 दिसम्बर, 1996

सं० 3-एस० सी० ए० (8)/3/96-97—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये गये प्रेक्टिस प्रमाण पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रेक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं है।

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	20645	श्री [illegible] एस०, एफ० सी० ए०, 326, [illegible] रोड, कोयम्बटोर-641 001	1-6-96
2.	21391	श्री [illegible] एम०, एफ०सी०ए०, फ्लेट नं० 3 [illegible] ब्लॉक, [illegible] अपार्टमेंट्स, 9, [illegible] रोड, टी नगर, मद्रास-600 017	15-7-96
3.	21430	श्री [illegible] आर०, एफ० सी० ए०, 15 14 स्ट्रीट, [illegible] नगर, [illegible], मद्रास-600 106	1-6-96
4.	22935	श्री कुमार ए० वी०, एफ० सी० ए०, फ्लेट नं० बी-5, [illegible], 38 79 स्ट्रीट, 18, एवेन्यू अशोक नगर, मद्रास-600 083	31-7-96
5.	24953	श्री [illegible] टी० एम०, ए० सी० ए०, 17 19 एवेन्यू, अशोक नगर, मद्रास-600 083	12-7-96

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
6.	27729	श्री कोट मुरलीकृष्ण, एफ० सी० ए०, फ्लैट नं० 302, मेथोडिस्ट कोम्पलेक्स, गनपागडम्डी, हैदराबाद-500 001	10-9-96
7.	29176	श्री शंकर अनन्थरामन, एफ० सी० ए०, नं० 12, ईस्ट मदास रोड, तिलोय नगर, मद्रास-600 030	30-8-96
8.	35278	श्री श्रीकान्थ पी० एस०, ए० सी० ए०, 93, 4 स्ट्रीट, 1 फ्लोर, अभिरामपुरम, मद्रास-600 018	1-10-95
9.	45322	मिस सीथालक्ष्मी जगन्नाथन, ए०सी०ए०, 12, 45 स्ट्रीट, नंगनल्लूर, मद्रास-600 061	30-8-96
10.	87579	श्री अशीष कंकन, ए० सी० ए०, फ्लैट नं० 5-सी, ए० ब्लोक कृष्णा अपार्टमेंट्स, 8-3-324, येल्लारेड्डीगुडा, अमीरपेट क्रोस रोड, हैदराबाद-500 873	15-8-96
11.	88136	श्री श्रीनिवास एम०, ए० सी० ए०, नं० 123 ए, रेम्बा कोलोनी, बन्नेरघट्टा रोड, बंगलोर-560 076	17-7-96
12.	200331	श्री रवि चन्द्रन पी., एस० सी० ए०, बी-2, इंडस्ट्रियल इस्टेट, डिण्डीगुल-624 006	5-8-96
13.	200867	श्री कण्णन बी., ए०सी०ए०, प्लोट नं० 45, डोर नं० 15, न्यू एनजीओज कोलोनी, 4, मेन रोड अलवन्थनकम, मद्रास-600 088	8-6-96
14.	200984	श्री साई राम ई., ए०सी०ए०, सिद्धार्थ क्लासिक प्लोट नं० 52, 2-2-647/273/ए/बी श्रीनिवास नगर, सेन्ट्रल एक्साइज कोलोनी, हैदराबाद-500 013	23-6-96
15.	201118	मिस सुभारानी एस०, ए०सी०ए०, एच० नं० 27-6-10, पहूलवारी लेन, टैम्पल स्ट्रीट, काकीनाडा-533 001	8-9-96
16.	201228	श्री नारायनन टी० एस०, ए० सी० ए०, 3209, 8 क्रोस (लोवर 3 स्टेज), 1 मेन डी ब्लोक, गायत्री नगर, बंगलोर-560 025	1-9-96
17.	201808	श्रीरामनाथन के०, ए०सी०ए०, डोर नं० 11, प्लोट नं० बी-4, फस्ट स्ट्रीट, लक्ष्मीनगर, नंगनल्लूर, मद्रास-600 061	7-5-96
18.	203781	श्री महेश्वरा रेड्डी टी०, ए० सी० ए०, 1/32 ए, बालाजी स्ट्रीट, एक्सरसाइज, लोकनगैड, म्यूनीसीट	14-8-96
19.	203902	श्री नाटराजन एस., ए०सी०ए०, एस० पी० 5 लोयडस कोलोनी, रोयापेट्टाह, मद्रास-600 014	23-8-96
20.	204385	श्री कण्णन पी, ए०सी०ए०., लक्ष्मी निवासम, 11/3 5 क्रोस स्ट्रीट, यूनाइटेड इंडिया कोलोनी कोडम्बक्कम, मद्रास-600 024	2-9-96
21.	204404	श्री श्रीनिवासा राव च०, ए०सी०ए०, 115-बी "एफ" ब्लोक, कृष्णा टावर्स, बी०टावर हैदराबाद-500 004	10-6-96
22.	204475	श्री रमेश ई, ए०सी०ए०, एच नं० 7-37 मधुरापुरी, दिलसुखनगर, हैदराबाद-500 060	5-8-96
23.	204820	श्री हरी एस०, ए०सी०ए०, केयर ओफ काईटेक्स लि०, सुरभी नगर, बंगलोर	8-7-96
24.	205005	मिस दीपा रेय, ए०सी०ए०, डी नं० 45-49-7, पवित्र नगर, अक्कय्यपालेम, विशाखापटनम-530 016	1-4-96

के० आर० ए० एन० अय्यर,
सचिव (वर्तमान कार्यभार)

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

कलकत्ता-700 071, दिनांक 17 अक्तूबर 1996

सं० 3-ई०सी०ए० (5)/1/96-97—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-ई०सी०ए० (4)/11/82-83 दिनांक 31-3-83, 3-ई०सी०ए० (4)/7/87/88 दिनांक 30-12-87, 3-ई०सी०ए० (4)/6/88-89 दिनांक 24-2-89, 3-ई०सी०ए० (1)/10/91-92 दिनांक 23-1-92, 33-1-92, 3-ई० सी० ए० (4)/4/93-94 दिनांक 1-2-94, 3-ई सी० ए० (4)/4/90-91 दिनांक 10-11-90, 3-ई०सी०ए० (4)/2/95-96 दिनांक 25-3-96 और 3-डब्ल्यू०सी०ए० (4)/2/95-96 दिनांक 13-3-96, के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुन: उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है।

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	8240	श्री कामेश्वर राव ई०सी०, ए०सी०ए०, सी-6, 5 फ्लोर, पूर्वो आवास, 1/1 अलीपोर एवेन्यू, कलकत्ता-700 027	1-4-96
2.	11034	श्री अहमद सिराजुद्दीन, एफ०सी०ए०, केयर ऑफ पैकेज भवन, ब्लॉक ईसी/सीपी, सैक्टर-3, विधान नगर, कलकत्ता-700 091	23-5-96
3.	11890	श्री अग्रवाल कृष्ण नारायण, एफ०सी०ए०, 190, पौना रोड, इम्फाल-795 001	21-5-96
4.	13845	श्री बसु रे सुगत, एफ०सी०ए०, 26/एस/ए, ब्लॉक बी, न्यू अलीपोर, कलकत्ता-700 053	14-6-96
5.	14756	श्री वेंकटरमणी आर०, ए०सी०ए०, डिप्टी जनरल मैनेजर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जोनल ऑफिस, 225 ए० जे० सी० बोस रोड, कलकत्ता-700 020	21-8-96
6.	15032	श्री भगत अन्नू, ए०सी०ए०, 4बी/22/3, सिलवर पार्क, कलकत्ता-700 033	2-9-96
7.	16342	श्री घोष सुव्रत, ए०सी०ए०, 31ए, अलीपोर रोड, 3 फ्लोर, कलकत्ता-700 027	6-5-96
8.	.50059	श्री चक्रवर्ती सत्यप्रकाश, ए०सी०ए०, हाउस ऑफ तुषार भवन, अपर चित्त न्यू, आसनसोल-713 304	23-8-96
9.	50152	श्री पैत अशोक नाथ, ए०सी०ए०, 35 उपेन्द्र चन्द्र बनर्जी रोड, कलकत्ता-700 054	28-5-96
10.	50198	श्री सरकार प्रदीप कुमार, ए०सी०ए०, 13, शंकरीतोला स्ट्रीट, कलकत्ता-700 014	1-4-96
11.	50607	श्री बन्द्योपाध्याय अमित कुमार, ए०सी०ए०, एफ-109, सैक्टर-53, सॉल्ट लेक सिटी, कलकत्ता-700 091	2-7-96
12.	51333	श्री दत्ता संजय कुमार, ए०सी०ए०, नं० 1 मनोमती पीर रोड, कुरणनगर, डिस्ट० हुगली, चन्दननगर-712 136	23-8-96
13.	51539	श्री गान्धी गौतम, ए०सी०ए०, बोक्स 31608, लुसाका, जाम्बिया,	8-7-96
14.	52553	श्री शर्मा संतोष कुमार, एफ०सी०ए०, 47/7, प्रिंस गुलाम हुसैन शाह रोड, कलकत्ता-700 032	31-5-96
15.	52782	श्री चन्दुका अशोक कुमार, ए०सी०ए०, आइपी-106, यूनिक पार्क, बेहाला, कलकत्ता-700 034	2-8-96
16.	53522	श्री बसु सैकत, ए०सी०ए०, 17/5, बोसपुकुर रोड, कलकत्ता-700 042	12-6-96
17.	53890	मिस रमन नन्दीता, ए०सी०ए०, 117, रिवर रोड, ग्रीनविच, एनएसडब्ल्यू 2065 आस्ट्रेलिया	23-5-96
18.	54456	श्री हसन सुशील कुमार, ए०सी०ए०, 2 ई, मोतीलाल बसाक लेन, कलकत्ता-700 054	20-9-96
9.	54558	श्री वर्मा सुमित, ए०सी०ए०, 39-ए, [illegible], [illegible]	3-4-96
20.	54664	श्री नायक शन्तनु कुमार, ए०सी०ए०, एच-17, सिविल टाउनशिप, राउरकेला-769 004	19-9-96
21.	55724	श्री चौधरी सुव्रत, ए०सी०ए०, 50, [illegible] रोड, कलकत्ता-700 054	31-5-96
22.	55749	मिस रामचन्दानी मनीषा, ए०सी०ए०, 311, [illegible], टापु एवी डिस्ट०, बगुम्बा सिटी, फिलीपिन्स	6-9-96
23.	56843	श्री शर्मा तरुण कुमार, ए०सी०ए०, सीबी-5, डाई स्कूल रोड, पी०ओ० देशबन्धुनगर, बगुईहाटी, कलकत्ता-700 059	2-9-96

के० आर० ए० एम० अय्यर,
सचिव (वर्तमान कार्यभार)

एयर-इंडिया

बंबई, दिनांक 1996

शुद्धि-पत्र

भारत के राजपत्र सं० 40, भाग III-खंड 4 तारीख 5 अक्तूबर, 1996 के पृष्ठ संख्या 4751 पर प्रकाशित "एयर-इंडिया कर्मचारी भविष्य निधि विनियम, 1954// में पाई गई अशुद्धि को निम्नानुसार पढ़ा जाए।

पृष्ठ 4751 पर चौथी पंक्ति में "श्री० टी० वी० सुन्दरराजन" के स्थान पर "श्री टी० वी० सुंदरराजन" पढ़ा जाए।

टी० नरेन्द्रकुमार,
उप महाप्रबंधक-विधि एवं प्रशासन

केन्द्रीय भंडारण निगम

(भारत सरकार का उपक्रम)

नई दिल्ली-110 016, दिनांक 24 अक्टूबर 1996

सं० सी० डब्ल्यू०सी०/III-25/40-96/बी.एडसी.—केन्द्रीय भंडारण निगम नियमावली, 1963 के नियम 13 के अनुसरण में वेयरहाउसिंग कारपोरेशन अधिनियम की धारा 7 की उपधारा1 के खण्ड (ई) में विनिर्दिष्ट वर्ग के अंशधारियों द्वारा 25-9-1996 (अपराह्न) को 10-10-96 से दो वर्ष की अवधि के लिए विधिवत चुने गए निदेशक का नाम और पता नीचे अधिसूचित किया जाता है :—

अंशधारियों का वर्ग	निदेशक का नाम और पता
सहकारी समितियां	श्री हरभजन सिंह अध्यक्ष, तलवण्डी भाई कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लिमिटेड, तलवण्डी भाई, जिला-फिरोजपुर (पंजाब)।

एम० दास गुप्त,
सचिव, केन्द्रीय भंडारण निगम

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई, दिनांक 27 नवम्बर 1996

सं० यूटी/डीबीडीएम/2-168/एस०पी०डी०/39-19/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनायी गयी संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1996 (आईआईएसएफयूएस' 96) का पेशकश दस्तावेज, जिसे 2 सितम्बर, 1996 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

ए० पी० जोशी,
महाप्रबंधक, व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1996 (आईआईएसएफयूएस' 96)

पेशकश दस्तावेज

पेशकश 22 अक्तूबर, 1996 से 05 दिसंबर, 1996 तक खुली रहेगी

यह यूनिट योजना यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अनुसरण में बनायी गयी है।

प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूच्युअल फंड) विनियम 1992 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।

योजना का उद्देश्य

यह एक पांच वर्षीय नियत कालीन आयोन्मुख योजना है, जिसमें एनएवी आधारित मूल्य पर योजना के आरंभ होने के छ: माह बाद अर्थात् 01-07-97 से योजना से निर्गम किया जा सकता है। यह योजना संस्थागत निवेशकों के लिए है जिन्हें कि विशिष्ट योजना में प्रचुर धन का निवेश करना है।

विशिष्टताएं

0 न्यूनतम निवेश 10 लाख रुपए और अधिकतम कोई सीमा नहीं। यूनिटों का अंकित मूल्य 10/- रुपए है।

0 यह धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों सहित पात्र न्यासों, समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत समितियां, अन्य किन्हीं निकायों जो धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए राज्य या केंद्रीय अधिनियम द्वारा स्थापित व नियंत्रित हों, सेना/वायुसेना/नौसेना/अर्ध सैनिक फंड और अन्य किसी संस्था/निगमित निकाय (कंपनियों को शामिल करते हुए) सहित पात्र न्यासों के लिए खुला है।

0 ट्रस्ट द्वारा पहले वर्ष के लिए लाभ न्यूनतम 16% प्र० व० की लक्षित दर से अदा किया जाना प्रस्तावित है। पहला लाभांश समानुपातिक आधार पर स्वीकार किए जाने की तिथि से 30 जून 1997 तक देय होगा तथा उसे जुलाई 97 में अदा किया जाएगा। दूसरा छ: माही लाभांश जनवरी 1998 में अदा किया जाएगा।

0 लाभांश का पुनर्निवेश करने का विकल्प उपलब्ध है।

0 योजना के आरंभ होने की तिथि से तीन माह बाद अर्थात् 1 अप्रैल 1997 से अंतरण की अनुमति होगी।

0 योजना के आरंभ होने की तिथि से छ: माह के बाद अर्थात् 01-07-97 से एनएवी आधारित मूल्य पर पुनर्खरीद की अनुमति होगी।

जोखिम के तत्व

0 योजना के यूनिटों में निवेश पर बाजार का जोखिम होता है और योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का ऊपर या नीचे जाना योजना के पोर्टफोलियो पर बाजार की शक्तियों के प्रभाव पर निर्भर करता है।

0 यदि वास्तविक आय 16% प्र० व० न्यूनतम लक्षित प्रतिलाभ का भुगतान करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी तो यूनिटधारकों को उस हद तक यूनिट पूंजी का घाटा उठाना पड़ सकता है।

0 ट्रस्ट के पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्य निष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है। इस योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है।

0 संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1996 केवल योजना का नाम है और यह किसी भी प्रकार से योजना की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है। निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस योजना में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

0 ट्रस्ट 32 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 4 करोड़ 80 लाख से अधिक निवेशकों से लगभग 56,800 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है।

यूटीआई की स्थापना

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। ट्रस्ट ने 1 जुलाई 1964 से काम करना आरंभ किया था।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। बोर्ड के अलावा एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी शामिल हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर विचार करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल

1. श्री जगदीश कपूर	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2. डॉ० पी० जे० नायक	कार्यपालक न्यासी, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
3. श्री आर० वी० गुप्ता	उप गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक
4. एस० एच० खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
5. श्री. एस एस सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेंट लि०
6. डॉ० अरविंद वीरमणि	सलाहकार, नीति निर्धारण, भारत सरकार आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय
7. श्री पी० आर० खन्ना	सनदी लेखाकार
8. श्री एन०एम० गोवर्धन	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
9. श्री पी० जी० कालोडकर	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
10. श्री एन० वाघुल	अध्यक्ष, आईसीआईसीआई लि०
11. श्री के० वी० शेट्टी	अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, कैनरा बैंक

योजना की विशेषताओं का विवरण नीचे दिया गया है।

I. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरंभ

(i) यह योजना संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1996 (आईआईएसएफयूएस 96) कही जाएगी।

(ii) यह माह अक्तूबर 1996 के 22वें दिन से आरंभ होगी।

(iii) यह योजना पांच वर्षों की अवधि के लिए अर्थात् 1 जनवरी 1997 से 31 दिसम्बर 2001 तक होगी।

(iv) यूनिटों की बिक्री 22 अक्तूबर 1996 से 05 दिसंबर 1996 तक 45 दिनों के लिए होगी। बशर्ते यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक, आर्थिक कारण होने पर अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं।

II. परिभाषाएं

इस योजना में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो

(1) स्वीकृति तिथि, का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(2) अधिनियम का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(3) आवेदक का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना में शामिल होने के लिए पात्र है और योजना के खण्ड IV के अंतर्गत आवेदन करता हो।

(4) पात्र ट्रस्ट का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है।

(5) जारी यूनिटों की संख्या का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की संख्या है।

(6) व्यक्ति में ऊपर यथापरिभाषित पात्र ट्रस्ट शामिल है।

(7) विनियमावली का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनी भारतीय यूनियन ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है।

(8) सेबी का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड।

(9) इस योजना से सम्बन्धित यूनिट का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है।

(10) यूनिट या ट्रस्ट का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है।

(11) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गये हैं।

III. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य

प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा।

IV. यूनिटों के लिए आवेदन

(1) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन निम्नलिखित द्वारा किया जा सकता है।

(i) धर्मार्थ और धार्मिक ट्रस्ट सहित सभी पात्र ट्रस्ट

(ii) समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत समितियां।

(iii) अन्य कोई निकाय जो धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए राज्य या केंद्रीय अधिनियम द्वारा नियंत्रित या स्थापित या उसके अधीन हो।

(iv) सेना/वायुसेना/नौसेना/अर्ध सैनिक फंड।

(v) अन्य कोई संस्था/निगमित निकाय (कंपनियों सहित)

(2) आवेदन ऐसे फार्म में किया जाएगा जैसा ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

(3) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय या समितियां यथाअपेक्षा ट्रस्ट को वे भी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करेंगी जिनसे आवेदक की यूनिटों में निवेश करने की सक्षमता का पता चलता हो, जैसे संस्था के बहिर्नियम और अंतर्नियम, उपनियम आदि, यूनिटों में निवेश का अधिकार देने व प्रबंध निकाय के संकल्प की प्राधिकृत प्रति आदि और समुचित मुख्तारनामे की प्रति।

V. न्यूनतम निवेश राशि

योजना के अंतर्गत न्यूनतम निवेश 10 लाख रुपये है और कोई अधिकतम सीमा नहीं है। 10 रुपये के गुणकों में न होने वाले निवेशों के लिए यूनिटों का आवंटन भिन्नांकों में दशमलव के बाद तीन स्थानों तक किया जाएगा।

निवेशकों को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या हो तो उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करें।

VI. भुगतान विधि

[illegible]क द्वारा सभी भुगतान आवेदन पत्र के साथ चेक या ड्राफ्ट [illegible] ड्राफ्ट कमीशन निवेशक द्वारा ही वहन किया जाएगा) [illegible] चेक या ड्राफ्ट वसूल करने की लागत भी इसमें [illegible]। चेक या ड्राफ्ट उसी शहर के बैंकों की शाखाओं [illegible] होने चाहिए जहां ट्रस्ट का शाखा कार्यालय हो और उस [illegible] में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हो।

(ii) यदि भुगतान चेक द्वारा किया गया हो तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट द्वारा चेक की राशि वसूल किए जाने की तिथि होगी। यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया गया हो, तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट जारी करने की तारीख होगी, बशर्ते कि ऐसे ड्राफ्ट की राशि वसूल हो जाए, परंतु ट्रस्ट को आवेदन पत्र ड्राफ्ट जारी करने के 10 दिन के भीतर प्राप्त हो जाए। अदा की गयी राशि (योजना के अंतर्गत न्यूनतम) देय राशि और अन्य देय प्रभार को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है तो संपूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा ऐसी रीति से जिसे वह उचित समझे, आवेदक को उसके खर्च पर वापस की जाएगी।

(iii) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार : योजना के अंतर्गत यूनिट जारी करने के लिए आवेदन पत्र स्वीकार करने और/या अस्वीकार करने का एक मात्र स्वविवेकाधिकार ट्रस्ट का होगा। योजना के अंतर्गत आवेदन करने की किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के संबंध में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा।

(iv) अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्तीकरण के भागी होंगे : यदि आवेदन पत्र अपूर्ण पाया जाए तो उसे रद्द किया जा सकेगा और ट्रस्ट यथाशीघ्र बिना किसी देयता के चाहे वह ब्याज के लिए हो या अन्य कोई राशि हो, आवेदन राशि वापस कर देगा। आवश्यक परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताओं का अनुपालन किये जाने के बाद राशि वापस की जाएगी।

(v) यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना के अन्तर्गत अपेक्षाओं का अनुपालन करना होगा : योजना के अन्तर्गत यूनिटों के लिए आवेदन करने वाली संस्थाओं को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी जैसे ट्रस्ट द्वारा आवेदन करने पर न्यास विलेख, यूनिट खरीदने के लिए प्रबंध निकाय का संकल्प, समितियों द्वारा आवेदन करने पर उप-नियम और प्रबंध समिति का संकल्प आदि। यह निवेशकों की श्रेणी पर निर्भर होगा। ट्रस्ट की संतुष्टि के लिए ऐसी अपेक्षाओं का पालन करना या न करना ट्रस्ट के पूर्ण स्वविवेक पर निर्भर होगा।

कोई संस्था गलत घोषणा कर यूनिट रखेगी तो वह सदस्यता निरस्त किए जाने की भागी होगी और उसका नाम यूनिट धारकों की पंजी से काट दिया जाएगा।

ऐसी स्थिति में ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह 25% जुर्माने के तौर पर घटाकर यूनिटों की पुनर्खरीद सममूल्य पर या ऐसे मूल्य पर कर लें जो ट्रस्ट द्वारा तय किया जाए और गलती से किए गए आय वितरण के भुगतान की वसूली पुनर्खरीद राशि से कर ले और शेष राशि वापस कर दें।

इस राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा, चाहे ट्रस्ट को पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि प्रेषित करने में जितना भी समय लगे।

VII. राशि जुटाने का न्यूनतम लक्ष्य :

योजना के अंतर्गत एकत्र की जाने वाली राशि का लक्ष्य 20 करोड़ रुपये होगा। अल्पनिधान यदि कोई हो तो उसे ट्रस्ट द्वारा रखा जाएगा। यदि राशि का 60% का अभिदान नहीं होता है तो ट्रस्ट आवाता के खाता चेक/प्रत्यार्पण आदेश द्वारा योजना के अंतर्गत संग्रहीत पूरी राशि को यूनिटों की बिक्री समाप्ति तिथि से 6 हफ्तों या उसके पहले वापस करेगा।

उक्त अनुबंध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में बिक्री बंद होने की तिथि के 6 सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा।

VIII. खर्चों पर सीमा :

योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 3.50% से अधिक नहीं होगा। योजना के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय का शीर्षक	%
मुद्रण और डाक	0.75
प्रचार और विपणन	0.75
कमीशन/प्रोत्साहन भुगतान	1.00
विविध	1.00
योग	3.50

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये का कम से कम 96.5 पैसा इस योजना में निवेश किया जाएगा।

आरंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य का 2% से अधिक नहीं होगा। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है :

व्यय का शीर्षक	%
प्रशासन व्यय	1.00
अभिरक्षण शुल्क	0.05
विकास प्रारक्षित निधि	0.01
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.01
अन्य व्यय	0.03
योग	2.00

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्त[illegible] गए व्ययों में परस्पर परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं। फिर भी सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों [illegible] एकत्र निधि की 3.5% की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 2% की सीमा के भीतर ही होगा। इसके अलावा प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान योजना के साप्ताहिक औसत एनएवी के 1.25% से अधिक नहीं होगा।

सेबी द्वारा नियुक्त की गई विशेषज्ञ समिति ने सेबी को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जो सेबी के विचाराधीन है, अत: शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां सेबी द्वारा भावी विनियमों/दिशानिर्देशों पर निर्भर रहते हुए परिवर्तन के अधीन होंगी।

IX. यूनिटों की बिक्री :

पेशकश अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी।

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री-संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। ट्रस्ट इसके बाद 50,000 यूनिटों के लॉट में यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा। जो यूनिट 50,000 के गुणक में नहीं होंगे उनके लिए केवल एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो-जाने क्षतिग्रस्त हो जाने या गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

यूनिट ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट/समिति/निगमित निकाय को जारी यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट/समिति/निगमित निकाय के नाम पर ही होगा।

यूनिट ट्रस्ट यूनिट प्रमाणपत्र को यथाशीघ्र लेकिन यूनिटों की बिक्री की [illegible] तिथि से दस सप्ताहों के भीतर भेजने का प्रयत्न करेगा।

X. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) (i) योजना के पहले छ: माह के दौरान अर्थात 30 जून, 1997 तक यूनिटों की कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी। पुनर्खरीद 01-07-97 से आरंभ होगी तथा पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती शुद्ध आस्ति मूल्य पर बट्टे पर होगा। बट्टा 5% से अधिक नहीं होगा। आरंभ में, पुनर्खरीद मूल्य तीन महीने बाद और उसके बाद योजना के प्रथम छ: माह में प्रत्येक माह समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा। योजना के पहले छ: माह के दौरान पुनर्खरीद मूल्य आरंभ में पहले तीन माह के बाद और उसके बाद प्रत्येक माह घोषित किया जाएगा। अवरुद्ध अवधि समाप्त होने पर पुनर्खरीद मूल्य प्रत्येक सप्ताह में एक बार घोषित किया जाएगा जो 01-07-97 से आरंभ होगा।

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति तब ही दी जाएगी बशर्ते न्यूनतम शेष के रूप में दस लाख रुपये (अंकित मूल्य) कायम रखे।

पूर्ण रूप से भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर पुनर्खरीद की जाएगी।

(ii) यूनिटधारक को यूनिटों को पुनर्खरीद के लिए पेश करने के लिए कोई बाध्यता नहीं होगी जैसा कि ऊपर उप-खण्ड 1(i) में बताया गया है और वह योजना चालू रहने के दौरान अपनी इच्छानुसार उसको धारण कर सकते हैं।

(2) स्वीकृति तिथि को पुनर्खरीद के लिए संविदा समाप्त मानी जाएगी।

(3) यूनिट ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीदे गए यूनिटों के लिए स्वीकृति तिथि के बाद जितना जल्दी हो सके भुगतान किया जाएगा। भुगतान ऐसे ढंग से किया जाएगा जैसा आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में सूचित किया गया हो। आवेदक को देय राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज अदा नहीं किया जाएगा और प्रेषण का खर्च (डाक खर्च सहित) या ट्रस्ट द्वारा भेजे गए ड्राफ्ट या चेक की वसूली का खर्च आवेदक द्वारा ही वहन किया जाएगा।

(4) पुनर्खरीदे गए यूनिट पुन: जारी नहीं किए जाएंगे। तथापि जब कभी सेबी यूनिटों को पुन: जारी करने की अनुमति देता है, ट्रस्ट योजना के अंतर्गत पुनर्खरीदे गए यूनिटों को पुन: जारी करने का अपना अधिकार सेबी के पूर्व अनुमोदन के साथ अपने पास रखता है।

(5) पुनर्खरीद मूल्य के परिकलन का आधार सेबी द्वारा निर्धारित विनियमनों और दिशानिर्देशों के अधीन होगा।

XI. यूनिटों की बिक्री और पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की खरीद या पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा—

(i) ऐसे दिन, जो कार्य-दिवस नहीं हो; और

(ii) ऐसी अवधि में जब बही और लेखे की अर्ध-वार्षिक/वार्षिक बन्दी (ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) के संबंध में सदस्यों की पंजी बन्द हो।

स्पष्टीकरण : इस योजना के प्रयोजनार्थ शब्द ''कार्य दिवस'' का अर्थ वह दिन है, जो न तो (i) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो या (ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा।

XII. बिक्री या पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि को होगा :

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की प्रत्येक बिक्री और पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि के अनुसार उस दिन को प्रचलित मूल्य पर होगी।

XIII. पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद ट्रस्ट जितना जल्दी संभव हो ऐसी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के लिए जारी करेगा।

XIV. योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(क) शेयरों और डिबेंचरों में सूचीबद्ध निवेश जो मूल्यांकन की तारीख से दो माह पूर्व तक उधृत नहीं हुए हैं उन्हें अनोधृत निवेश माना जाएगा।

(ख) उधृत निवेशों के मामले में मूल्यांकन दर मूल्यांकन की तारीख को बाजार की दर या मूल्यांकन की तारीख को बाजार का उद्धरण उपलब्ध न होने की स्थिति में मूल्यांकन की तारीख से दो माह पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल की उपलब्ध दर होगी।

(ग) निवेश के मूल्य में मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास का निर्धारित करने के लिए निवेश की कुल लागत की तुलना कुल बाजार मूल्य के साथ की जाती है। निवेश का बाजार मूल्य निकालने के लिए :

(i) उधृत इक्विटी शेयर जिनमें अवरुद्ध अवधि वाले शेयर/अधिमान शेयर शामिल हों, को मूल्यांकन दर पर लिया जाता है।

(ii) उधृत डिबेंचर और बांण्ड मूल्यांकन दर पर लिए जाते हैं जिसे संचयी ब्याज उधृत होने के मामले में पिछली ब्याज की नियत तारीख से उधृत होने की तारीख तक ब्याज तत्व के लिए बट्टाकृत किया जाता है।

(iii) उधृत वारंट मूल्यांकन दर पर लिए जाते हैं।

(iv) अनोधृत इक्विटी/अधिमान शेयर (जो सूचीबद्ध हैं किन्तु अनोधृत माने गये हैं, के सहित) को लागत पर या ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार लिया जाता है।

(v) अनोधृत डिबेंचर और बॉण्ड, प्रतिभूत अंतरणीय पत्रों और अप्रतिभूत अंतरणीय पत्रों का मूल्यन परिपक्वता प्रतिफल (वाईटीएम) आधार पर या ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार लिया जाता है।

(vi) अनोधृत वारंट, संबंधित शेयरों के मूल्यांकन दर पर लिए जाते हैं जो लाभांश तत्वों के लिए बट्टागत, यदि हो, तथा देय अर्जन लागत से कम हो। जहां देय अर्जन लागत, बाजार मूल्य से अधिक हो, ऐसे मामले में वारंट का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(vii) परिवर्तनीय डिबेंचर और बॉण्ड जहां संमिश्र बाजार भाव उपलब्ध नहीं है, वहां परिवर्तनीय भाग का बाजार मूल्य मूल्यांकन दर पर लिया जाता है जो संबंधित इक्विटी शेयर को लागू हो तथा लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टागत हो। ऐसे डिबेंचरों और बाण्डों के शेष अपरिवर्तनीय भाग को उपरोक्त (v) के अनुसार लिया जाता है। जहां डिबेंचरों और बाण्डों के परिवर्तनीय भाग के संदर्भ में परिवर्तन की शर्तों का विशेष रूप से उल्लेख न हो वहां उसे लागत पर लिया जाता है।

(viii) मुद्रा बाजार की बाध्यताओं को बही-मूल्य पर लिया जाता है।

(ix) सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, उधृत प्रतिभूतियों के लिए बाजार मूल्य पर तथा अनोधृत प्रतिभूतियों के लिए परिपक्वता प्रतिफल (वाईटीएम) पर या ट्रस्ट के न्यासी मंडल दवारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

(x) ऐसे शेयरों/डिबेंचरों और बाण्डों के परिवर्तनीय अंशों, जहां परिवर्तन की शर्तें ज्ञात हैं, के लिए राइटस की हकदारी को संबंधित इक्विटी शेयर के मूल्यांकन दर पर उसमें से लाभांश तत्व, यदि हो, को घटा कर लिया जाता है। ऐसे डिबेंचरों और बाण्डों के शेष अपरिवर्तनीय अंश को उपरोक्त (v) के अनुसार लिया जाता है।

XV. शुद्ध आस्ति मूल्य का निर्धारण और प्रकटीकरण :

योजना मे शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के उपचयों और उपचयों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। उस एनएवी को (पूर्ववर्ती आधार पर) आरंभ में योजना के आरंभ होने के तीन माह अर्थात् 01-04-97 के बाद और उसके बाद प्रथम छः माह तक प्रत्येक माह समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा। अवरुद्ध अवधि समाप्त होने के बाद 1 जुलाई 1997 से प्रत्येक सप्ताह या सेबी द्वारा अनुमोदित अंतराल में एनएवी घोषित की जाएगी।

XVI. (क) निवेश उद्देश्य :

(i) योजना के अंतर्गत संग्रहित निधियों का अधिक से अधिक 20% इक्विटी और इक्विटी सम्बद्ध लिखतों में और शेष का नियत आय वाले प्रतिभूतियों और मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश किया जाएगा। नियत आय प्रतिभूतियों का जोखिम तत्व न्यून से मध्यम होगा। इक्विटी निवेशों का जोखिम तत्व उच्च होगा।

मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश, इस संबंध में सेबी द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप होगा।

पूर्वोक्त के बावजूद, निवेश का अनुपात बाजार की स्थितियों और निवेश के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करते हुए निधि प्रबंधक के स्वविवेक के अनुसार उपरोक्त से भिन्न भी हो सकता है।

(ii) संविभाग की संरचना के बारे में निर्णय ट्रस्ट के विवेकाधीन होगा जो निवेशकों के हितों को ध्यान में रखते हुए निवेश पर प्रतिबंधों और आय वितरित करने पर निर्भर करेगा।

(ख) निवेश नीतियां

(i) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनके निवेश वर्ग का निर्धारण सीआरआईएसआईएल/आईसीआरए/सीएआरई या समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी अन्य श्रेणी निर्धारण करने वाली एजेन्सी द्वारा किया जाएगा।

परंतु यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा।

(ii) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिया जाएगा।

(iii) निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, प्रतिभूत ऋणों और अन्य असूचीगत ऋण लिखतों के जरिए किया गया निवेश योजना की कुल आस्तियों के 40% से अधिक नहीं होगा।

(iv) यह योजना अपने निकाय का 5% से अधिक किसी एक कंपनी के शेयरों में निवेश नहीं करेगी।

(v) इस योजना सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक किसी एक कंपनी के शेयरों, डिबेंचरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा।

(vi) इस योजना की यूनिट ट्रस्ट की निधियों सहित सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक किसी एक उद्योग के शेयरों अथवा डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा। परंतु यह प्रावधान उस योजना को लागू नहीं होगा जो एक अथवा अधिक विशिष्ट उद्योगों के लिए जारी की गई है और उस आशय की घोषणा पेशकश पत्र में की गई है।

(vii) इस योजना से दूसरी/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब—

(क) उद्धृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों।

(ख) ऐसी अंतरिम प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनसे ऐसे अंतरण किए जाते हैं।

(ग) सूचीबद्ध या उद्धृत न किए गए निवेशों का अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

(viii) सेबी द्वारा म्यूचुअल फंड विनियमों/दिशानिर्देशों/निदेशों के अंतर्गत अन्य प्रकार से अनुमति न मिलने तक यह योजना यूटीआई की किसी अन्य योजना/प्लान में निवेश नहीं करेगी अथवा उसे उधार नहीं देगी।

(ix) जब तक सेबी से स्पष्ट अनुमोदन प्राप्त नहीं कर लिया जाता तब तक यह योजना अपने निवेशों के वित्त पोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी।

तथापि, ऊपर खण्ड XIV, XV और XVI (ख) के संबंध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय समय पर जारी सेबी के (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशा निर्देशों और निदेशों के अनुसरण में होगा।

XVII. यूनिट प्रमाणपत्र का फार्म :

यूनिट प्रमाणपत्र ऐसे फार्म में होगा जैसा अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा निश्चित किया जाएगा। प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर विभेदक संख्या, यूनिटों की संख्या जिनके लिए प्रमाणपत्र जारी किया गया हो तथा यूनिटधारक का नाम होगा।

XVIII. यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की विधि :

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाणपत्र उत्कीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट द्वारा विधिवत् रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिक विधि से लगाया जाएगा। जब तक यूनिट प्रमाणपत्र इस रूप से हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह वैध नहीं होगा। इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र इस बात के होते हुए भी वैध और बाध्यकारी होगा कि उसे जारी करने से पहले कोई व्यक्ति जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्र हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो। परंतु इस रूप में तैयार किय गया यूनिट प्रमाणपत्र जिसमें प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हैं, प्रमाणपत्र जारी होने के समय जिसकी मृत्यु हो जाती है, तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सबसे उचित समझता है, प्रमाणपत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाणपत्र भी वैध होगा।

XIX. प्रमाणपत्र के कट-फट जाने विरूपित हो जाने, आदि की स्थिति में प्रक्रिया :

(1) यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र कट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार हकदार व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है जिसमें यूनिटों की वही संख्या हो जो कट-फट गए,

घिस-पिट गए या विरूपित हो गए प्रमाणपत्र में हो। यूनिट प्रमाणपत्र खो जाने, चोरी होने या नष्ट होने के मामले में, यूनिट ट्रस्ट अपने विवेकाधिकार पर, उसके बदले में हकदार व्यक्ति को नया प्रमाणपत्र जारी कर सकता है। कोई भी नया यूनिट प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक ने पहले ही—

(i) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कटे-फटे होने, फटा पुराना हो जाने, विरूपित होने, खो जाने, चोरी या नष्ट हो जाने के संतोषजनक साक्ष्य यूनिट ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं किये हों;

(ii) तथ्यों की जांच से संबंधित सभी खर्चों का भुगतान कर दिया हो;

(iii) (कट-फट जाने या फटा-पुराना हो जाने या विरूपित होने के मामले में) कटे-फटे, फटे-पुराने या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत और सुपुर्द नहीं कर दिया हो, तथा;

(iv) यूनिट ट्रस्ट की अपेक्षानुसार उसे क्षतिपूर्ति प्रस्तुत नहीं कर दी हो। इस खण्ड के उपबंधों के अनुसार यूनिट ट्रस्ट सदभावपूर्वक ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कोई देयता नहीं उठाएगा।

(2) इस खण्ड के उपबंधानुसार प्रमाणपत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट यह अपेक्षा कर सकता है कि आवेदक यूनिट प्रमाणपत्र के लिए ट्रस्ट द्वारा निर्गत प्रति यूनिट प्रमाणपत्र के लिए पांच रुपये के शुल्क के साथ, जो ट्रस्ट की राय में कर और ऐसे प्रमाणपत्र के निर्गम और प्रेषण के संबंध में देय डाक पंजीकरण, प्रभार सहित अन्य खर्च पूरा करने के लिए पर्याप्त हो, का भुगतान करें।

XX. यूनिट धारकों की पंजी

यूनिट धारकों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारकों की पंजी रखी जाएगी और पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे :

(क) यूनिटधारकों के नाम और पते;

(ख) हरेक ऐसे यूनिटधारकों द्वारा यूनिटों की संख्या; आदि

(ग) वह तिथि जब ऐसा यूनिटधारक अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया।

(2) यूनिटधारक की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी। ट्रस्ट द्वारा ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथा अपेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा।

(3) केवल पंजी बंदी को छोड़कर, इसमें इसके बाद अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कार्य समय के दौरान (यूनिट ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) यूनिटधारक के नि:शुल्क तथा उसके अपने निवेश के संबंध में निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी।

(4) यूनिट ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिए बंद रहेगी। परंतु किसी भी वर्ष में यह 45 दिनों से अधिक समय के लिए बंद नहीं रहेगी। यूनिट ट्रस्ट समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बंदी की सूचना देगा।

(5) यूनिट धारक के सिवाय किसी व्यक्ति के किसी यूनिट से संबंधित यूनिटधारक के सिवाय कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना और कोई ग्रहणाधिकार पंजी में दर्ज नहीं किया जाएगा।

XXI. यूनिट धारक द्वारा रसीद

यूनिट धारक द्वारा प्रदत्त राशि के लिए जारी यूनिट प्रमाणपत्र के यूनिटों के संबंध में उसके द्वारा दी गयी रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा।

XXII. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखना/समनुदेशन

योजना आरंभ होने के 3 महीनों की अवरुद्ध अवधि के बाद अर्थात् 1 अप्रैल 1997 से निम्नलिखित शर्तों के अधीन यूनिटों के अंतरण/गिरवी रखने/समनुदेशन के लिए अनुमति दी जाएगी :

(1) प्रत्येक यूनिटधारक को उसके द्वारा धारित यूनिटों अथवा कुछ यूनिटों का अंतरण करने का हक होगा और यह ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित फार्म पर लिखित रूप में लिखत द्वारा किया जाएगा। परंतु यदि ऐसे पंजीकरण से अंतरणकर्ता या अंतरिती ऐसे यूनिटों के धारक बनते हैं जहां योजना में निवेश 10 लाख रुपये (अंकित मूल्य) से कम है तो अंतरण पंजीकृत नहीं किया जाएगा।

परंतु यह केवल खण्ड IV में उल्लिखित श्रेणियों के व्यक्तियों को छोड़कर किसी अन्य को अंतरण नहीं किया जाएगा।

(2) अंतरण की प्रत्येक लिखत अंतरणकर्ता और अंतरिती द्वारा हस्ताक्षरित होगी और अंतरणकर्ता उस समय तक अंतरित यूनिटों का धारक होगा जब तक कि रजिस्टर में अंतरिती के नाम की प्रविष्टि नहीं हो जाती।

(3) अंतरण की प्रत्येक लिखत संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ यूनिट ट्रस्ट की किसी भी शाखा में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

(4) अंतरण की प्रत्येक लिखत विधिवत रूप से स्टाम्प की जाएगी (यदि विधि के अंतर्गत स्टाम्प लगना आवश्यक हो) और उसे ट्रस्ट को पंजीकरण के लिए संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र/पत्रों के साथ दिया जाएगा और अंतरणकर्ता के हक के संबंध में अथवा यूनिटों का अंतरण करने के उसके अधिकार के संबंध में ट्रस्ट जैसा साक्ष्य चाहेगा, उसे भी प्रस्तुत करना होगा। ट्रस्ट ऐसे यूनिट प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करने में छूट दे सकता है जो खो गए हों, चुरा लिए गए हों अथवा नष्ट हो गए हों। इसके लिए

अंतरणकर्ता को उस अपेक्षाओं को पूरा करना होगा जो उनके स्थान पर जारी करने हेतु उसके द्वारा किए गए आवेदन पर उत्पन्न हुई होंगी।

(5) यदि अनामी विधि के परिचालन से या अधिकारिक क्षमता के कारण यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर ऐसे साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण, जिसे ट्रस्ट की शाखा पर्याप्त समझे, के अधीन ट्रस्ट की शाखा अंतरण को लागू करेगी।

(6) जब यूनिट अधिकारिक नाम से जारी किए जाते हैं तो व कार्यालय के प्रत्येक धारक से कार्यालय में इसके उत्तराधिकारी धारक के नाम बिना किसी अंतरण लिखत के अंतरित माने जाएंगे, और यह अंतरण उस तिथि को या उस तिथि से होगा जब दूसरा धारक कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करता है।

(7) जब कार्यालय का धारक इस प्रकार से धारित यूनिटों का अंतरण एक व्यक्ति के नाम करता है जो कार्यालय में उसका उत्तराधिकारी न हो, तो अंतरण लिखत द्वारा अंतरण किया जाएगा, जो कार्यालय के धारक द्वारा हस्ताक्षरित होगा और उस पर कार्यालय का नाम होगा।

(8) अंतरण के सभी लिखत, जो पंजीकृत हो सकते हैं, ट्रस्ट द्वारा प्रक्रिया संबंधी और परिचालनगत आवश्यकताओं के पूरी करने तक रखे जाएंगे।

(9) ट्रस्ट अंतरिती संबंधी ब्यौरों को यूनिट प्रमाणपत्र के पीछे इस प्रयोजन के लिए दी गयी जगह पर पृष्ठांकन करेगा।

(10) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट प्रमाणपत्र और अंतरण संबंधी लिखत प्रस्तुत करने के 30 दिनों के भीतर अंतरण का पंजीकरण करेगा और अंतरिती को प्रमाणपत्र वापस करेगा।

XXIII आवेदन और अंतरण फार्म पर अटार्नी द्वारा हस्ताक्षर

यदि मुख्तारनामा पहले से ही ट्रस्ट की बहियों में पंजीकृत नहीं हो और यदि किसी आवेदन पत्र या अंतरण पत्र पर मुख्तारनामा रखनेवाला कोई व्यक्ति जिसे ऐसा करने का अधिकार दिया गया हो, हस्ताक्षर करे तो मूल मुख्तारनामा या उसकी, विधिवत नोटरीकृत प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन पत्र या अंतरण पत्र के साथ जैसा भी मामला हो प्रस्तुत करनी चाहिए।

XXIV. आय वितरण की दर

ट्रस्ट पहले वर्ष के लिए 16% प्रति वर्ष की न्यूनतम लक्षित दर पर लाभ का भुगतान करने का प्रस्ताव करता है। पहला लाभांश जुलाई 97 में अदा किया जाएगा तथा यह स्वीकृत तिथि से 30 जून 1997 तक समानुपातिक आधार पर होगा। इसकी गणना स्वीकृत तिथि पर निर्भर करते हुए दैनिक आधार पर होगी। 1 जुलाई 97 से 31 दिसंबर 97 तक की अवधि के लिए लाभांश जनवरी 98 में अदा किया जाएगा। बाद के वर्षों के लिए लाभांश की घोषणा वर्ष के अंत से पूर्व की जाएगी, जो प्रति वर्ष जनवरी और जुलाई में देय होगी।

XXV. यूनिटधारकों को भुगतान

(1) लाभांश घोषित करने से पहले ट्रस्ट निवेश पर मूल्यह्रास का प्रावधान करेगा और अपने लेखा परीक्षकों की संतुष्टि करते हुए संदिग्ध एवं अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान भी करेगा और लेखा की टिप्पणियों में निवेशों के मूल्यांकन को प्रकट करेगा। ट्रस्ट पहले वर्ष के लिए न्यूनतम 16% प्रति वर्ष की दर से लक्षित लाभांश अदा करने का प्रस्ताव करता है।

कम मार्केटिंग तथा सेवा प्रभार और निवेश उद्देश्य और योजना की प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिनमें प्लान की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना पहले वर्ष में निवेशकों के लिए 16% प्रति वर्ष की दर से न्यूनतम लक्षित लाभांश अदा करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न कर सकेगी। योजना के अंतर्गत जिन लिखतों में निवेश किया जाएगा उनसे वर्तमान प्राप्तियां निम्नानुसार हैं।

लिखत	अनुमानित प्राप्ति (%)
डिबेंचर	18.00
इक्विटी एवं मुद्राबाजार	5.00

इस तरह ट्रस्ट द्वारा निवेशकों को 16% प्र० व० की दर से न्यूनतम लक्षित लाभ देना संभव होगा। बाद के प्रत्येक वर्ष के लिए लाभांश हर योजना की आय पर और संबंधित कारकों पर निर्भर करेगा और अर्द्धवार्षिक आधार पर प्रत्येक वर्ष जनवरी/जुलाई में भुगतान किया जाएगा।

ट्रस्ट लाभांश घोषित करने के 42 दिनों के भीतर उसे प्रेषित करने का प्रयत्न करेगा।

(2) यूनिटों के संबंध में जिसका वह धारक है ट्रस्ट द्वारा घोषित कोई आय प्राप्त कर धारण करना यूनिट धारक के लिए वैध होगा, भले ही उसके द्वारा किसी प्रतिफल हेतु यूनिट अंतरित कर दिए गए हों, तथापि जब तक अंतरिती जो अंतरणकर्ता से आय का दावा करता है, आय के देय होने के 15 दिनों के भीतर प्रमाणपत्र और अंतरण से संबंधित अन्य सभी दस्तावेज, जो प्रावधानों के अंतर्गत या अन्य रूप से उसके नाम में पंजीकृत करने के लिए ट्रस्ट द्वारा मांगे [illegible] प्रस्तुत नहीं कर देगा।

स्पष्टीकरण : इस उप-खण्ड में निर्दिष्ट अवधि निम्नलिखित मामलों में विस्तारित की जाएगी :

(i) अंतरण विलेख के चोरी होने या अंतरणकर्ता के नियंत्रण के बाहर की परिस्थिति में अन्य किसी कारण से खो जाने की स्थिति में उसके स्थान पर दूसरा प्राप्त करने में व्यतीत हुई वास्तविक अवधि के द्वारा; और

(ii) कोई प्रमाणपत्र दाखिल करने में विलम्ब और अंतरण के संबंध में अन्य दस्तावेजों को डाक द्वारा देरी से पहुंचने के संबंध में हुए विलम्ब की वास्तविक अवधि के द्वारा।

(3) इसमें ऊपर उल्लिखित किसी भी बात के होने के बावजूद ऐसी यूनिटों के संबंध में, जिसका वह धारक है, यूनिटधारक को देय किसी भी आय का भुगतान करने का ट्रस्ट का अधिकार प्रभावित नहीं होगा।

(4) यूनिटधारकों में वितरित की जानेवाली ऐसी आय पर ट्रस्ट द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। तथापि, ट्रस्ट योजना के अंतर्गत स्थापित प्रारक्षित निधि पर निर्भर करते हुए और उचित परिस्थितियों के होने पर यूनिटधारक द्वारा लाभांश के किसी विलम्ब पर किए दावे पर जैसा कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया जाएगा उस रूप में और रीति से यूनिटधारक को मुआवजा देगा।

(5) यूनिटधारकों में वितरित की जाने वाली आय चेक या यूनिट ट्रस्ट के बैंकरों के नाम आहरित वारंट या यूनिटधारक के विकल्प पर, बैंक ड्राफ्ट द्वारा अदा की जाएगी। उक्त बैंक ड्राफ्ट के प्रभार यूनिटधारक द्वारा वहन किए जाएंगे।

आय वितरण वारंटों के खो जाने/गलत स्थान पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात खाते का प्रकार एवं खाता संख्या, बैंक का नाम) दें। तब आय वितरण वारंट इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे। यूनिट धारक कथित बैंक में अपने खाते में जमा करने हेतु उस आय वितरण वारंट को प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि बैंक संबंधी पूरा विवरण नहीं दिया जाता है तो आय वितरण वारंट यूनिटधारक के नाम जारी किए जाएंगे।

XXVI. आय वितरण का और यूनिटों में पुनर्निवेश

यूनिटों के लिए आवेदन करते समय या उसके बाद यूनिट धारक को यूनिटों के संबंध में प्राप्त होने वाली आय को और यूनिटों में पुनर्निवेश करने का विकल्प होगा। ऐसे विकल्प का प्रयोग करने की स्थिति में वितरित की जाने वाली पूर्ण आय खण्ड XXIV में दी गयी रीति से यूनिटधारक को अदा करते जाने के बजाय, कर कटौती के बाद, यदि कोई हो, यूनिट ट्रस्ट द्वारा अगले/उसी वर्ष के जुलाई/जनवरी के पहले सप्ताह में प्रचलित एनएवी आधारित मूल्य पर और यूनिटों में पुनर्निवेशित की जाएगी। वितरण योग्य लाभांश, कर कटौती, यदि कोई हो, और उनके बदले आबंटित यूनिटों के ब्यौरे सहित एक विवरणी यूनिटधारक को भेजी जाएगी। इस तरह आबंटन यूनिटों के संबंध में किसी भी यूनिटधारक का यूनिट प्रमाणपत्र जारी करने की मांग करने का हक नहीं होगा। यूनिट धारक जिसने पूर्वोक्तानुसार पुनर्निवेश सुविधा का विकल्प चुना हो, उसके द्वारा लिखित आवेदन तथा अंतिम जारी विवरणी को अभ्यर्पित करने पर पुनर्खरीद की अनुमति प्रदान करने वाले पिण्ड की शर्तों के अनुसार उस उक्त समय पुनर्खरीद मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद की अनुमति दी जा सकती है। जिन यूनिटधारकों ने पुनर्निवेश यूनिटों की पुनर्खरीद की हो, वे उत्तरवर्ती वर्षों के लिए वितरण योग्य आय के संबंध में पुनर्निवेश सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस खण्ड के अंतर्गत पुनर्निवेश सुविधा के अधीन आबंटित यूनिट न्यूनतम धारण, पुनर्खरीद और अन्य मामलों के संदर्भ में नियंत्रित करने वाली शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन नहीं होंगे।

XXVII. विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारण के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि को उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार, अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, के लिए भी किया जा सकता है।

XXVIII. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा।

ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।

XXIX. योजना के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना

जो व्यक्ति यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारक के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिए ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और किसी विपरीत नोटिस से या न्यास निष्पादन का नोटिस से उस बात को छोड़कर जैसा इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया हो या सक्षम अधिकारितावाले न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो कि इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता दी जाए, बाध्य नहीं होगा।

X. लेखों का प्रकाशन

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि का योजना के कार्यों का विवरण होगा। ट्रस्ट सेबी और अन्यों को विधिवत रूप से लेखा परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और लाभ-हानि लेखा तथा अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही विवरण और पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित तिमाही पोर्टफोलियो विवरण भेजेगा। ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिसका सूचित किया जाना आवश्यक हो।

ट्रस्ट, यूनिटधारक से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों और लेखों की एक प्रति भेजेगा। सेबी द्वारा नियुक्त की गई विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट सेबी को प्रस्तुत कर दी है जो विचाराधीन है। अत: शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां सेबी द्वारा जारी निनियमों/दिशानिर्देशों के अधीन होंगी।

XXXI. योजना में परिवर्धन और संशोधन

बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किए गए परिवर्धन/संशोधन को सराकरी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

XXXII. योजना की समाप्ति

(क) योजना पूर्ण रूप से 31-12-2001 को समाप्त हो जाएगी। यूनिटधारकों के बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी और यूनिटधारक को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी उक्त अवधि के दौरान अंतिम पुनर्खरीद के लिए निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी।

निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या लाभांश के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा। फिर भी, ट्रस्ट लिखित रूप से सेबी की पुर्व अनुमति से इस योजना को 5 वर्षों से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी स्थिति में यूनिटधारकों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें। ट्रस्ट द्वारा विवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरंभ की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सके।

(ख) ट्रस्ट योजना को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(I) योजना के पांच वर्ष पुरे होने पर अर्थात 31 दिसम्बर, 2001 को अथवा आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो।

(ii) कोई ऐसी घटना घटित होने पर और जिससे ट्रस्ट की राय में योजना की समाप्ति आवश्यक हो, या

(iii) योजना के 75% यूनिटधारक द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(iv) यूनिटधारकों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे।

(ग) जहां उपर्युक्त खण्ड (ख) के अधीन योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट को योजना को समाप्त करने की परिस्थितियों की सूचना सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होनेवाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुम्बई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी।

(घ) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट—

(i) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा।

(ii) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को निर्मित और रद्द करना बंद करेगा।

(iii) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा।

(ङ) न्यासी मंडल यूनिटधारकों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवशक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्रधिकृत किया जाएगा।

(च) (i) न्यासी मंडल योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा।

(ii) ऊपर दिए गए खण्ड (च)(i) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो योजना के अंतर्गत उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने की तिथि को योजन की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

(छ) समाप्ति पूरी होने पर ट्रस्ट सेबी और यूनिट धारकों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितिया जिनके कारण योजना समाप्त की गई, योजना की समाप्ति के पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए किया गया व्यय, यूनिट धारकों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र होगा।

(ज) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम 1993 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(झ) खण्ड XXXII (छ) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजन समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी।

(ञ) ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र विधिवत रूप से भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा। पुनर्खरीद के लिए प्राप्त यूनिट प्रमाणपत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए सुरक्षित रखे जाएंगे।

XXXIII. यूनिटधारकों को लाभ

योजना की समाप्ति के समय पूंजी, प्रारक्षित निधि और अधिशेष के संबंध में योजना में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं यूनिट धारकों को प्राप्त होंगे जो योजन की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिये यूनिट के धारक रहे हों।

XXXIV. उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार

योजना के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा। ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला या योजना की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा।

XXXV. उपबंधों में ढील

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना के निर्बाध और सहज संचालन के लिए किसी यूनिटधारक या यूनिटधारक वर्ग के मामले में, योजन के किसी भी उपबंध में ढील दे सकता है, परिवर्तित या संशोधित कर सकता है।

पेशकश दस्तावेज/प्रावधान में परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद ही किया जाएगा।

XXXVI. योजना यूनिटधारकों के लिए बाध्यकारी होना

इस योजन की शर्तों के साथ समय-समय पर इनमें किए गए संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक यूनिटधारक और उसके माध्यम से दावा करने वाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिए इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह योजन के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिए बाध्य हो।

यूनिटधारकों के अधिकार

1. योजना के अधीन यूनिटधारक को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजन द्वारा घोषित लाभांशों में समानुपातिक अधिकार है।

2. यूनिटधारक को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो तथा यूनिटधारक को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।

3. लाभांश की घोषणा किए जाने के 42 दिनों के भीतर यूनिटधारक लाभांश वारंट के प्रेषित किए जाने के हकदार है।

4. यूनिटधारक को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है।

कर मार्गदर्शक

कर छूट

प्रचलित आय कर अधिनियम के अंतर्गत उन मामलों में जहां पर निवेश करने वाली संस्थाएं निम्नलिखित

(i) धर्मार्थ और धर्मादा न्यास :

धर्मार्थ और धर्मादा न्यास की आय किसी भी वर्ष में आयकर से पूरी तरह मुक्त होगी यदि जिस वर्ष आय अर्जित की गई हो उसी वर्ष उसका 75% ट्रस्ट के किसी भी उद्देश्य के लिए खर्च किया गया हो (आय कर अधिनियम की धारा 11)। इस प्रकार धर्मार्थ और धर्मादा न्यास वर्ष की आय का 25% को भविष्य के वर्षों में धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों पर खर्च करने के लिए अलग रख सकते है और आय कर से बच सकते हैं। यदि इस प्रकार अलग रखी गई आय उस वर्ष की आय के 25% से अधिक हो तो उस पर आय कर लगेगा। ऐसी अधिक आय, आय कर से मुक्त होगी, यदि उसका आयकर अधिनियम की धारा 11(2) (ख) में उल्लिखित "स्वीकृत प्रतिभूतियों" में निवेश किया गया हो। यूटीआई के यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियों में से एक है। कोई धर्मार्थ और धर्मादा न्यास जो कि अपनी अतिरिक्त निधियों का यूनिटों में निवेश करता है, आयकर से छूट के योग्य होगा।

आय कर अधिनियम की धारा 13 के अनुसार आयकर अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत कर में छूट के लिए योग्य एक शर्त यह है कि ट्रस्ट के धन और अन्य निधि का स्वीकृत प्रतिभूतियों में निवेश करना चाहिए। यूटीआई की यूनिटें स्वीकृत प्रतिभूतियों में से एक है।

(ii) धारा 23एए में दर्शायी गयी कोई भी सगठित निधि/अन्य संस्थाएं: ये प्रचलित कर विधि के अनुसरण में होगी।

स्रोत पर कोई कर कटौती नहीं होगी

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा 12 अथवा 10(22) अथवा 10(22ए) अथवा 10(23) अथवा 10(23एए) या 10(23सी) के अंतर्गत आनेवाली पात्र संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रारूप में घोषणा किए जाने के आधार पर उनसे स्रोत पर कर की कटौती नही की जाएगी।

उपर्युक्त को छोड़कर अन्य संस्थाओं के मामले में स्रोत पर कर कटौती प्रचलित कर विधि के अनुसार होगा।

धन कर

वित्तीय आस्तियों जैसे शेयर और भारतीय यूनिट ट्रस्ट और अन्य म्यूचुअल फंडों के यूनिट धन कर देयता से मुक्त हैं।

टिप्पणी : सांविधिक निगमों यथा सेबी, आईडीबीआई और ऐसी ही अन्य संस्थाओं के संबंध में आयकर अधिनियम और धन कर अधिनियम के अंतर्गत कर लाभ/छूट, अन्य बातों के साथ साथ उन्हें संचालित करने वाले विशेष अधिनियमों, यदि कोई हो, के प्रावधानों के अनुसरण में, संचालित होगी।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन पाईंट बम्बई-400021 में स्थित है।

अभिरक्षकों का यह प्रयास होगा कि वे योजनाओं/निधियों/प्लानों की संपत्तियां को ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत करें तथा वे उनकी सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करें। जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद, अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा। अभिरक्षक सभी सूचनाएं, रिपोर्ट अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध करायेंगे।

लेखा परीक्षक

मेसर्स एस के कपूर एण्ड कं० 16/98, एलआईसी बिल्डिंग, द माल, कानपुर-208001 और मेसर्स कल्याणीवाला एण्ड मिस्त्री, माणेकजी वाडीया बिल्डिंग, 127, महात्मा गांधी रोड, मुंबई। योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है, और वे प्रत्येक वर्ष में बदले जाने के अधीन है।

निवेशकों की शिकायतें

01-07-95 से 30-06-96 तक की अवधि के लिए प्राप्त शिकायतों की संख्या, जिनका निवारण किया गया और जो निवारणाधीन हैं, उन्हें नीचे दिया गया है।

योजना का नाम	शिकायतों की संख्या			कुल में से निवारणाधीन शिकायतें
	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	निवारणाधीन	
सीसीसीएफ	3577	3549	28	0.78%
सीजीजीएफ	13785	13216	569	4.13%
सीजीयूएस-91	1877	1861	16	0.85%
सीआरटीएस	144	135	9	6.25%
डीआईयूपी-93	210	186	24	11.43%
डीआईयूपी-95	52	34	18	34.62%
डीआईयूएस-90	1299	1293	6	0.46%
डीआईयूएस-91	838	830	8	0.95%
डीआईयूएस-92	873	867	6	0.69%
आईआईएसएफयूएस	2124	2079	45	2.12%
जीसीजीआई	399	364	35	8.77%
ग्रेड मास्टर-93	267	252	15	5.62%
जीएमआईएस91	1999	1896	103	5.15%
जीएमआईएस-92	950	877	73	7.68%
जीएमआईएस-92 (II)	729	711	18	2.47%
जीएमआईएस-बी-92	170	147	23	13.53%
जीएमआईएसबी-92 (II)	714	701	13	1.82%
जीयूपी-94	1353	1305	48	3.55%
एचयूएस	199	199	—	0.00%
एमईपी-91	3013	2968	45	1.49%
एमईपी-92	21518	20944	574	2.67%
एमईपी-93	2305	2262	43	1.87%
एमईपी-94	1466	1434	32	2.18%
एमईपी-95	4057	3992	65	1.60%
एमईपी-96	58	51	7	12.70%

1	2	3	4	5
मास्टर गेन-92	14623	12631	1992	13.62%
मास्टर ग्रोथ-93	1439	1345	94	6.53%
एमआईपी-93	1602	1585	17	1.06%
एमआईपी 94 (I)	198	175	23	11.62%
एमआईपी 94 (II)	1417	1396	21	1.48%
एमआईपी 94 (III)	3414	3373	41	1.20%
एमआईपी-95	402	351	51	12.69%
एमआईपी 95 (II)	352	250	102	28.98%
एमआईपी 95 (III)	164	85	79	48.17%
एमआईपी-96	11	6	5	45.45%
एमआईएस-90 (I)	479	348	131	27.35%
एमआईएस-90(II)	1002	930	72	7.19%
एमआईएस-बी-93	719	701	18	2.50%
एमआईएसजी-91	1351	1270	81	6.00%
मास्टर प्लस-91	5549	5233	316	5.60%
मास्टर शेयर-86	28428	21705	6723	23.65%
ओमनी प्लान	61	43	18	29.51%
पीईएफ	683	547	136	19.91%
आरबीपी	204	122	82	40.20%
राजलक्ष्मी यूनिट प्लान	8689	8493	196	2.26%
वरिष्ठ नागरिक यूनिट प्लान	1523	1434	89	5.84%
यूजीएस-2000	56072	55693	379	0.68%
यूजीएस-5000	12222	11972	250	2.05%
यूलिप	10397	9243	1154	11.10%
यूएस-64	663904	640289	23615	3.56%
यूएस-92	265	261	4	1.51%
यूएस-95	4	4	—	0.00%
कुल	879150	841527	37623	4.28%

शिकायत लंबित रहने के कारण

(1) संग्रहण कर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना

(2) आवेदन पत्र में निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना।

(4) मार्ग में ही खो जाना।

(5) डाक सेवा में विलंब।

(6) अंतरण/मृत्यु दावों/गुमशुदगी के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना।

(7) शिकायत भरते समय अपूर्ण ब्योरा,

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलंब से प्राप्त होना।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना।

शिकायतों/आपत्तियों के प्रकार के अनुसार ट्रस्ट निवेशक/बैंक/रजिस्ट्रार को उक्त का निवारण करने हेतु लिखता है।

सभी निवेशकों निवेश का पूर्ण ब्योरा देते हुए अपनी शिकायतें संबंधित निवेशक संपर्क कक्ष को निम्नलिखित पते पर भेज सकते है :

पश्चिम अंचल

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
कामर्स सेंटर 1, 28वीं मंजिल,
विश्व व्यापार केंद्र, जी डी सोमानी मार्ग,
कफ परेड, मुंबई-400 005
टेली : 218 0172/218 1600

पूर्व अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
2, फेयरली प्लेस,
2री, मंजिल,
कलकत्ता-700 001
टेली : 243 4581

दक्षिण अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
यूटीआई हाऊस, 29, राजाजी सालै,
मद्रास-600 001
टेली : 517101 विस्तारित : 360/364

उत्तर अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
हेरल्ड हाऊस, 2 री मंजिल,
5अ, बहादुर शाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली 110 002
टेली : 3329860

रजिस्ट्रार

आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात सेवाएं ट्रस्ट के मुम्बई मुख्य शाखा कार्यालय द्वारा कामर्स सेन्टर-1, 28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई-400 005 पर प्रदान की जाएगी। ट्रस्ट के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग करने, प्रमाणपत्रों का निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशकों की शिकायतों का दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त क्षमता है।

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वारा नं० 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुम्बई-400 020 में उपलब्ध किया जाएगा।

* यूटीआई अधिनियम
* सामान्य विनियम
* अभिरक्षक, के साथ किया गया करार
* आई आई एस एफ यू एस 96 के पेशकश दस्तावेज की प्रति

संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1993 का विवरण

आरंभ होने की तिथि	:	1-3-1993
बिक्री बंद होने की तिथि	:	1-11-1993
अर्ध वार्षिक लाभांश (जुलाई और जनवरी में)	:	16% प्र० व०
संग्रहीत राशि	:	1276.87 करोड़ रु०
आवेदन पत्रों की संख्या	:	518

संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1995 का विवरण

आरंभ होने की तिथि	:	1-10-1995
समाप्त होने की तिथि	:	30-9-2000
अर्ध वार्षिक लाभांश (पहले वर्ष के लिए)	:	15% प्र० व०
संग्रहीत राशि	:	176.76 करोड़ रु०
आवेदन पत्रों की संख्या	:	285

वर्ष 1994-95 और 1995-96 के लिए आईआईएसएफयूएस' 93 और आईआईएसएफयूएस '95 के पूर्ववर्ती आंकड़े

(रुपये करोड़ में)

	विवरण		आईआईएसएफ-यूएस' 93 93-94	आईआईएसएफ-यूएस' 93 94-95	आईआईएसएफ-यूएस' 93 95-96	आईआईएसएफ-यूएस' 95 95-96
क.	कुल आय		206.82	250.07	201.42	26.25
ख.	व्यय (प्रावधान सहित)		8.78	28.83	6.23	0.76
ग.	शुद्ध आय (क-ख)		198.04	221.24	195.19	25.49
घ.	लाभांश	%	185.53	16%*	16%*	15%@
ङ.	शुद्ध आस्ति मूल्य	आरंभ में	10.20	10.42	10.22	—
		अंत में	10.49	10.22	10.23	—
च.	पुनर्खरीद	आरंभ में	—	—	$10.22	—
		अंत में	—	—	#10.50	—
छ.	औसत मासिक शुद्ध आस्तियों को व्यय (%)		—	—	—	—
ज.	पोर्टफोलियो कुल बिक्री दर		—	—	—	—
झ.	बाजार मूल्य (उच्चतम/न्यूनतम)		—	—	—	—
ञ.	बिक्री मूल्य (उच्चतम/न्यूनतम)		—	—	—	—
ट.	यूनिटों की संख्या (अवधि के अंत में) (रु० लाख में)		12768.74	129283.18	128583.46	17770.00

* अर्ध वार्षिक आधार पर देय

@ 30-6-96 तक की अवधि के लिए समानुपातिक आधार पर जुलाई 96 में देय।

$ मार्च 96 माह के लिए

\# मई' 96 माह के लिए

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्पोरेट कार्यालय

13, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग (न्यू मरीन लाईन्स), मुंबई-400020, दूरध्वनि : 2068468

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : केन्द्र-1,28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केंद्र, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई-400 005, दूरध्वनि : 218 1600, पूर्वी अंचल : 2 फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, कलकत्ता-700 001 दूरध्वनि: 2209391 दक्षिणी अंचल ; यू टी आई-हाऊस 29, राजाजी सालै, मद्रास-600 001, दूरध्वनि : 517 101, उत्तरी अंचल: जीवन भारती, 13वीं मंजिल, टावर II, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110 001, दूरध्वनि : 3329860।

पश्चिमी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

अहमदाबाद : बी जे हाऊस, दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380009, दूरध्वनि : 6423043 बड़ोदा : मेगधनुष, चौथी और पांचवी मंजिल, ट्रान्स्पेक सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा-390015, दूरध्वनि : 332481 भोपाल : पहली मंजिल, गंगाजमुना कमर्शियल काम्प्लेक्स, प्लाट नं० 202, महाराणा प्रताप नगर, अंचल 1, स्कीम 13, हबीब गंज, भोपाल-462001, दूरध्वनि : 558308 मुम्बई : (1) यूनिट सं० 2, ब्लाक 'बी', गुलमोहर क्रास रोड नं० 9, अंधेरी (पश्चिम) मुंबई-400049, दूरध्वनि : 6201995 मुंबई : (2) पर्सेपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आंध्र बैंक के ऊपर, सेक्टर 17, वाशी, नवी मुंबई-400703, दूरध्वनि : 7672607 मुंबई : (3) लॉटस कोर्ट बिल्डिंग, 196, जमशेदजी टाटा रोड, बैकबे रिक्लमेशन, मुंबई-400020, दूरध्वनि : 2850821, (मुंबई मुख्य शाखा के लिए) मुंबई : (4) प्रग्रा शापिंग आर्केड, पहली मंजिल, एस वी रोड, बोरिवली (पश्चिम), मुंबई-400092, दूरध्वनि : 8020521 मुंबई : (5) सागर बोनांजा, पहली मंजिल, खोत लेन, घाटकोपर (पश्चिम), मुंबई-400086, दूरध्वनि : 5162256, इन्दौर : सिटी सेंटर, दूसरी मंजिल, 570, एम जी रोड, इन्दौर-452001, दूरध्वनि : 22796, कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी एस नं० 511, केएच-1/2, 'ई' वार्ड, दाभोलकर कार्नर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416001, दूरध्वनि : 657315 ; नागपुर : श्री मोहिनी काम्प्लेक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, (किंग्स्वे), नागपुर-440001, दूरध्वनि : 536893, नासिक : सारदा संकुल, दूसरी मंजिल, एम० जी० रोड, नासिक-422001, दूरध्वनि : 72166 पणजी : ई०डी०सी० हाऊस, भूतल, डा. ए बी मार्ग, पणजी, गोवा-403001, दूरध्वनि : 222472, पुणे : सदाशिव विलास, तीसरी मंजिल, 1183 फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे-411005, दूरध्वनि : 325954 राजकोट : लक्ष्मूभाई सेन्टर, चौथी मंजिल, लाखाजी राज रोड, राजकोट-360001, दूरध्वनि : 35112 सूरत : सैफी बिल्डिंग, डच रोड, ननपुरा, सूरत-395001, दूरध्वनि : 434550 ठाणे : यूटीआई हाऊस, स्टेशन रोड, ठाणे (पश्चिम)-4000601, दूरध्वनि : 5400905।

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : ओसीएचसी बिल्डिंग, 1ली एवं 2री मंजिल, 24 जनपथ, खारवेला नगर, राममंदिर के पास, भुवनेश्वर-751001, दूरध्वनि : 410995, कलकत्ता : 2 और 4, फेयरली प्लेस, कलकत्ता-700001, दूरध्वनि : 2209391, दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, आसनसोल, दुर्गापुर विकास प्राधिकरण, सिटी सेन्टर, दुर्गापुर-713216, दूरध्वनि : 4831, गुवाहाटी : जीवन दीप, एम एल नेहरु रोड, पानबाज़ार, गुवाहाटी-781001, दूरध्वनि : 543131, जमशेदपुर : 1-ए, राम मंदिर परिसर, भूतल और दूसरी मंजिल, बिस्तुपुर, जमशेदपुर-831001, दूरध्वनि : 425508, पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, भूतल और पांचवी मंजिल, एक्जिबिशन रोड, पटना-800001, दूरध्वनि : 235001, सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरु नानक सारनी, सिलीगुड़ी-734401, दूरध्वनि : 24671।

दक्षिणी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

बंगलोर : विश्व व्यापार केंद्र, चेंबर ऑफ कामर्स, केम्पेगौवडा रोड, बंगलोर-560009, दूरध्वनि : 2263739, कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवी मंजिल, एम जी रोड, एर्नाकुलम, कोचीन-682011, दूरध्वनि : 362354, कोयमबतूर : चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, आर्टस् कालेज रोड, कोयम्बतूर-641018, दूरध्वनि : 214973, हुबली : कालबुर्गी मेंशन, 4थी मंजिल, लेमिंगटन रोड, हुबली-580020, दूरध्वनि : 363963, हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5-1-664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट, हैदराबाद-500001, दूरध्वनि : 511095, मद्रास : यू०टी०आई० हाउस, 29 राजाजी सलाई, मद्रास-600001, दूरध्वनि : 517101, मदुराई : तमिलनाडु सर्वोदय संघ बिल्डिंग, 108, तिरुप्परनकुन्द्रम रोड, मदुराई-625001, दूरध्वनि : 38186, मंगलोर : सिद्धार्थ बिल्डिंग, पहली मंजिल, बाल-मत्ता रोड, मंगलोर-575001, दूरध्वनि : 426258, तिरुअनंतपुरम : स्वस्तिक सेन्टर, तीसरी मंजिल, एम०जी०रोड, तिरुअनंतपुरम-695001, दूरध्वनि : 331415, त्रिची : 104 सलाई रोड, वोरेयूर, तिरुचिरापल्ली-620003, दूरध्वनि : 27060, त्रिचूर : 28/876/77, वेस्ट पल्लिथामाम बिल्डिंग, करुणाकरण नंबियार रोड, राऊंड नार्थ, त्रिचूर-680020, दूरध्वनि : 331259, विजयवाड़ा : 27-37-156, बन्दर रोड, मनोरमा होटल के आगे, विजयवाड़ा-520002, दूरध्वनि : 74434, विशाखापट्टनम : रत्ना आर्केड, तीसरी मंजिल, 47-15-6, स्टेशन रोड, द्वारका नगर, विशाखापट्टनम-530016, दूरध्वनि : 548121।

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

आगरा : भूतल, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आगरा-282002 दूरध्वनि : 54408, इलाहाबाद : यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लीडर रोड, इलाहाबाद-211003 दूरध्वनि : 50521, अमृतसर : श्री द्वारकाधीश काम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, क्विन्स रोड, अमृतसर-143001, दूरध्वनि : 210367, चंडीगढ़ : जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017 दूरध्वनि : 543683, देहरादून : दूसरी मंजिल, 59/3, राजपुर रोड, देहरादून-248001, दूरध्वनि : 26720, फरीदाबाद : बी-614—617 नेहरु ग्राउंड, एनआईटी, फरीदाबाद-121001, दूरध्वनि : 210010, गाजियाबाद : 41 नवयुग मार्केट, सिघनी गेट के पास, गजियाबाद-201001, दूरध्वनि : 752040, जयपुर : आनंद भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर-302001, दूरध्वनि : 365212, कानपुर : 16/79इ, सिविल लाईन्स, कानपुर-208001, दूरध्वनि : 317278, लखनऊ : रिजेन्सी प्लाजा बिल्डिंग, 5, पार्क रोड, लखनऊ-226001, दूरध्वनि : 232501, लुधियाना : सोहन पैलेस, 455, दि माल, लुधियाना-141001, दूरध्वनि : 400373, नई दिल्ली : गुलाब भवन, दूसरी मंजिल, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरध्वनि : 3318638, शिमला : 3, माल रोड, पहली मंजिल, (जानकीदास एण्ड कं० डिपार्टमेन्ट स्टोर के ऊपर), शिमला-171002, दूरध्वनि : 4203, वाराणसी : पहली मंजिल, डी/58/2ए-1, भवानी मार्केट रथयात्रा, वाराणसी-221001, दूरध्वनि : 54306।

RESERVE BANK OF INDIA

Bombay, the

Discrepancies observed in the list of lost etc. IFC Bonds for the half year ended 30/06/1996, Published in the Gazette dated 17/08/1996

Sr.	Page	Nomenclature of Loan	Nature of discrepancy/cies
1.	3723	———	(a) *Reserve Bank of India* is not printed above Public Debt Office
			(b) *Notification is not printed before No. PDO. 20.14.02/ IFC—Bonds*
			(c) *5th line—The Word Bond* is printed instead of *'Bonds'*.
			(d) 7th line—*'Part A'* is printed as *'Parts A'*
2.	3724	11% IFC Bonds 2003 (49th Sr.)	(a) In column 6 and 7 the particulars of the names of the claimants and No. and date of order issued are to be printed.
3.	3724	11.5% IFC Bonds, 2009 (52nd Sr.)	(a) In column 2 at Sr. No. 10 No. BY-000142 is printed as RY-000142

Sd/-
P. Chief General Manager

BANK OF MAHARASHTRA
(A GOVT. OF INDIA UNDERTAKING)
CENTRAL OFFICE

Pune-411 005, the

No. AXI/ST/DM /96.—In exercise of the powers conferred by section 19 read with sub-regulation (2) of Section 12 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 the Board of Directors of Bank of Maharashtra in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following Regulations to amend further the Bank of Maharashtra Officer Employees (Discipline and Appeal) Regulations, 1976 namely:

01. SHORT TITLE AND COMMENCEMENT:

(1) These Regulations may be called Bank of Maharashtra Officer Employees (Discipline and Appeal) (Amendment) Regulations, 1996.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

02. In Regulation 4 of the Bank of Maharashtra Officer Employees (Discipline and Appeal) Regulations 1976 (heeinafter called as Principal Regulations) under the heading "Minor Penalties" after clause (d), the following clause shall be inserted, namely:

(a) "(e) reduction to a lower stage in the time-scale of pay for a period not exceeding 3 years, without cumulative effect & not adversely affecting his pension."

(b) Under the heading "Major Penalties", the clauses (e), (f), (g), and (h) shall be re-numbered as clause (g), (h), (i) and (j).

(c) Before the re-numbered clause (g) the following shall be inserted namely,

(f) "save as provided for in (e) above reduction to a lower stage in time-scale of pay for a specified period, with further directions as to whether or not the officer will earn increments of pay during the period of such reduction and whether on the expiry of such period the reduction will or will not have the effect of psotponing the future increments of his pay."

(d) For the re-numbered clause(g) the following may be substituted namely:

"(g) reduction to a lower grade of post".

03. In sub-regulation(1) of Regulation 6 of the Principal Regulations, for the words, brackets and figures "Clauses (e), (f), (g) and (h) of Regulation 4 the words, brackets and figures "Clauses (f), (g), (h), (i) and (j) of regulation 4" may be substituted.

04. In sub-regulation (1) of Regulation 8 of the Principal Regulations for the words, brackets and figures "Clauses (a) to (d) of Regulation 4", the words, brackets and figures "Clauses (a) to (e) of Regulation 4" may be substituted.

05. In the first proviso to Sub-regulation(ii) of regulation 17 of Principal Regulations for the words, brackets and figures "Clauses (e), (f), (g) and (h) of Regulation 4" the words, brackets and figures "Clauses (f), (g), (h), (i) or (j) of Regulation 4" may be substituted.

06. In the first proviso to Regulation 18 of Principal Regulations for the words, brackets and figures "Clauses (e), (f), (g) or (h) of Regulation 4", the words, brackets and figures "Clauses (f), (g), (h), (i) or (j) of Regulation 4" may be substituted.

NOTE : Earlier amendments to Bank of Maharashtra Officer Employees (Discipline & Appeal) Regulations, 1976 were published in part III, Section 4 of Gazette of India as per details given below:

Sr. No.	Notification No.	Date
42	AXI/ST/DA/10065/94	15-10-94

Mr. S. S. Chitale, Dy. G. M. Personnel

CANARA BANK
PERSONNEL MANAGEMENT SECTION
HEAD OFFICE

Bangalore-2, The 27th November 1996

No. .—In exercise of the powers conferred by Section 19 read with sub-Section (2) of Section 12 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1770 (5 of 1970), the Board of Directors of CANARA BANK in consultation with the Reserve Bank of India and with the previsous sanction of the Central Government hereby makes the following Regulations, namely:—

I. SHORT TITLE AND COMMENCEMENT:

(1) These Regulations may be called CANARA BANK (Officers) Service (Amendment) Regulations, 1996.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

II. In the CANARA BANK (Officers) Service Regulations 1979/for first proviso to sub-regulation (1) of regulation 19, the following shall be substituted, namely:—

"Provided that the Bank may, at its discretion, on review by the Special Committee/Special Committees as provided hereinafter in sub-regulation (2) retire, if it is *of the opinion that it is* in the public interest, an Officer employee on or at any time after the completion of 55 years of age or on or at any time after the completion of 30 years of total service as an Officer employee or otherwise, whichever is earlier".

M. V. KAMATH, General Manager

THE INSTITUTE OF CHARTERED ACCOUNTANTS OF INDIA
(CHARTERED ACCOUNTANTS)

Madras-600 034, the 5th December 1996

No. 3SCA(4)/8/95-96.—In pursuance of Regulation 18 of the Chartered Accountants Regulations, 1988, it is hereby notified that in exercise of the powers conferred by Clause (b) of Sub-Section (1) of Section 20 of the Chartered Accountants Act, 1949, the Council of the Institute of Chartered Accountants of India has removed from the Register of members of this institute at his own request from 31-3-1996, the name of Shri G. S. Gundu Rao 548 Ghickpet, Bangalore-560 053.

His membership Number is 000796.

K. R. A. N. IYER, Secy. (Current Charge)

No. 3SCA(4)/2/96-97.—In pursuance of Regulation 18 of the Chartered Accountants Regulations, 1988, it is hereby notified that in exercise of the powers conferred by Clause (a) Sub-Section (1) of Section 20 of the Chartered Accountants Act, 1949, the Council of the Institute of Cahrtered Accountants of India has removed from the Register of Members of this Institute on account of death with effect from the dates mentioned against their names, the names of the following gentlemen :—

S. No.	M. No.	Name & Address	Date of Removal
1.	001031	Madhava Rao Ramnathpur Vasudev 6 Maharaja Suryarao Road Teynampet Madras-600018	18/09/96
2.	002409	Lakshmana Rao G 1366 5th Main E Block 2nd Stage Rajajinagar Bangalore-560010	15/09/96
3.	003760	Srinivasa Krishnan Saravana Bhuvan A-5 LIC Colony Mahalingapuram Pollachi-642002	16/03/96
4.	005438	Jayaraman C A Plot No. 5 Visalakshmipuram Madurai-625014	08/04/96
5.	006042	Dakshinamurthy S 1832 Ambalpuram Pudukottai-622001	03/10/95
6.	003547	Muckadackel Varkey Joseph Thenungal House Via-Vadavucode Pankode-682310	16/04/96
7.	007721	John Kurian Director/Secretary Forbes, Ewart & Figgis (P) Ltd. P.O. Box 545 wellingdon Island Cochin-682003	28/02/96
8.	018089	Rajan Babu N Dwaraka Buildings Mill Road Quilon-691001	30/07/96
9.	020495	Balasubramaniam M No. 6 Paul Appasamy Street T. Nagar Madras-600017	17/06/96
10.	021751	Rama Mohana Rao N Ramamandiram Street Satyanarayanapuram Vijayawada-520011	08/06/96
11.	029580	Ramaraju K V 12-2-416/57 Ushodaya Colony Hyderabad-500028	30/01/96
12.	082580	Ramanathan N 7 & 8 Sindhur Plaza 42 Miontieth Road Madras-600008	16/07/96
13.	201065	Sudhir M Assistant Manager—Finance Tata Tea Limited Post Box No. 9 Munnar-685612	26/03/96
14.	202076	Ashok K Block G I Floor P T Complex New Del Road RMV II Stage Bangalore-560054	14/12/95

K. R. A. N. IYER, Secy. (Current Charge)

(CHARTERED ACCOUNTANTS)

The 6th December 1996

No. 3SCA(8)/3/96-97.—In pursuance of Clause (iii) of Regulation 10 (1) of the Chartered Accountants Regulations, 1988, it is hereby notified that the Certifficate of Practice issued to the following members have been cancelled with effect from dates mentioned against their names, as they do not desire to hold their Certificate of Practice :—

S. No.	MRN	Member Name & Address	Canc. date
1.	020645	Mr. Chandrasekhar S FCA 326, Variety Hall Road Coimbatore-641 001	01/06/96
2.	021391	Mr. Subramanian N FCA Flat No. 3d Front Block Oakland Apartments 9 malony Raod, T Nagar Madras-600 017	15/07/96
3.	021430	Mr. Sivaraman R FCA 15, 14th Street Jai Nagar Arumbakkam Madras-600 106	01/06/96
4.	022935	Mr. Kumar A B FCA Flat No. G-5 Madhurams Flats 38 79th Street 18th Avenue Ashok Nagar Madras-600 083	31/07/96

S. No.	MRN	Member Name & Address	Canc. date
5.	024953	Mr. Sankar T M ACA 17 19th Avenue Ashok Nagar Madras-600 083	12/07/96
6.	027729	Mr. Kotte Muralikrishna FCA Flat No. 302 Methodish Complex Gunfoundry Hyderabad-500 001	10/09/96
7.	029176	Mr. Shankar Ananthararnan FCA No. 12. East Club Road Shenoy Nagar Madras-600 030	30/08/96
8.	035278	Mr. Srikanth P S ACA 93, 4th Street, I Floor Abhiramapuram Madras-600 018	01/10/95
9	045322	Ms. Seethalakshmi Jagannathan ACA 12 45th Street Manganallour Madras-600 061	30/08/96
10.	087579	Mr. Ashish Kankan ACA Flat No. 5-C A Block Krishna AP 8-3-324 Yellareddyguda Ameerpet Cross Road Hyderabad-500 873	15/08/96
11.	088136	Mr. Srinivas M ACA No. 123 A Ranka Colony Bannerghatta Road Bangalore-560 076	17/07/96
12.	200331	Mr. Ravi Chandran P ACA G-2 Industrial Estate Dingigul-624 006	05/08/96
13.	200867	Mr. kannan V ACA Plot No. 45. Door No. 15 New Nggo Colony 4th Main Road, Adambakkum Madras-600 088	08/06/96
14.	200984	Mr. Sai Ram F ACA Siddardh Classic Flat No. 52 2-2-647/273/A/B Srinivas Nagar Central Excise Colony Hyderabad-500 013	23/06/96
15.	201118	Ms. Sudharani S ACA H. No. 27-6-10 Vaddadivari Lane Temple Street Kakinada-533 001	08/09/96
16.	201228	Mr. Narayanan T S ACA 3209 8th Cross (Old III Cross) I Main C Block Gayathri Nagar Bangalore-560 025	01/09/96
17.	201808	Mr. Ramanathan K ACA Door No. 11 Plot No. C4 First ST Lakshminagar Nanganallur Madras-600 061	07/05/96
18.	203781	Mr. Maheswara Reddy T ACA 1/32A Ballarat ST Ellersile Auckland Newzealand-0	14/08/96
19.	203902	Mr. Natarajan S ACA L V 5 Lloyds Colony Royapettah Madras-600 014	23/08/96
